तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

12 बुजुर्ग हैं परिवार की सबसे बड़ी शक्ति...




12 अनोखी परम्परा, रावण की नाभि से निकले ...





# विजयादशमी पर श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विजयादशमी के पावन अवसर पर शस्त्र पूजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ पुलिस लाइन में किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम तथा पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने पूजन अनुष्ठान में सहभागिता की। उनके अलावा बल के अधिकारी एवं जवान आयोजन में शामिल हुए। परंपरा के अनुसार शस्त्रों का पूजन किया गया जो क्षेत्र की रक्षा एवं जनता की सेवा से जुड़े वीरता, शक्ति एवं उत्तरदायित्व के मूल्यों को अभिव्यक्त करता है। राष्ट्रसेवा एवं जनसुरक्षा में समर्पित अधिकारियों और जवानों की सुरक्षा, सफलता एवं कल्याण के लिए प्रार्थनाएं की गईं। आईजी ने विजयदशमी की शुभकामनाएं देते समस्त पुलिस बल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के साथ-साथ बस्तर की जनता के कल्याण एवं मंगल की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि बस्तर रेंज के सभी सात जिलों बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर, कोंडागांव एवं कांकेर में भी आज शस्त्र पूजन समारोह संपन्न हुआ।

## संभाग के सभी 7 जिले में सुरक्षा और शांति की प्रार्थना की गई





## खबर संक्षेप

### एनएच कार्यालय परिसर में किया सर्पगंधा का पौधरोपण



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर कार्यालय परिसर में एसडीओ एके कुंजाम ने सर्पगंधा के 4 पौधों का रोपण किया। उन्होंने बताया कि सर्पगंधा के पौधों से सर्प नहीं आते हैं, इसलिए इस पौधों का रोपण किया गया है।

### चंद्रशेखर ने बीईओ बकावंड का पदभार संभाला



**जगदलपुर।** नवनियुक्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी बकावंड चंद्रशेखर यादव ने पदभार संभाल लिया है। उनके चार्ज लेने पर कार्यालय के स्टाफ ने स्वागत कर बधाइयां दी। वे पूर्व में लोहंडीग़ुड़ा ब्लाक के बीईओ रह चुके है। यहां के बीईओ श्रीनिवास मिश्रा पत्नी के ईलाज के लिए लंबी छुट्टी में है। जिससे ब्लाक का शैक्षणिक काम प्रभावित हो रहा है। पदभार लेते ही यादव ने स्टाफ की बैठक लेकर बकावंड ब्लाक के स्कूलों और शिक्षकों की जानकारी ली। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि ब्लाक में शैक्षणिक वातावरण बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। जहां शिक्षकों की कमी है और पढ़ाई प्रभावित हो रहा है वहां व्यवस्था दुरूस्त करेंगे। बारिश का सीजन है इसलिए शाला भवनों की स्थिति भी ठीक ठाक करेंगे।

### दुर्गा मंडप में रंगोली बनाकर जीते पुरस्कार



**जगदलपुर।** कुम्हारपारा के बंगीय समाज के दुर्गोत्सव में बुधवार की सुबह दुर्गा मंडप में रंगोली बनाया गया। वार्ड के बालिकाओं और युवतियों ने नवरात्र से संबंधित आर्कषक रंगोली बनाए। यहां हर वर्ष की तरह इस बार भी पहले 3 विजेताओं को श्रेष्ठ रंगोली बनाने के लिए ईनाम दिया गया।

### 24 घंटे से अंधेरे में डूबा चित्रकोट इलाका

**जगदलपुर।** लोहंडीग़ुड़ा ब्लाक के कई गांव और पर्यटकों के आर्कषण का केंद्र चित्रकोट पिछले 24 घंटे से अंधेरे में डूबा है। इस ईलाके के लामड़ागुड़ा, बड़े धाराउर, गढ़यिा और लोहंडीग़ुड़ा समेत आसपास के कई गांव के लोग बिजली बंद होने से पानी और पंखा की समस्या से परेशान हैं। क्षेत्र के भाजपा नेता विजय गुप्ता ने विधायक विनायक गोयल से बिजली गुल होने की समस्या बताई। विधायक ने जूनियर इंजीनियर नेताम से चर्चा कर जल्द बिजली व्यवस्था बहाल करने को कहा है। उन्होंने बारिश में खंभा गिरने से बिजली गुल होने की बात कहीं हैं। वहीं बाहर से आने वाले पर्यटक भी चित्रकोट जलप्रपात पहुंचकर सही तरीके से आनंद नहीं उठा पा रहे हैं।

### बस्तर दशहरा: देवी के छत्र और खड्ग के साथ रथ पर सवार हुए मुख्य पुजारी

# विजय रथ को चुराकर कुम्हड़ाकोट के जंगल ले गए किलेपाल परगना के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा की प्रमुख रस्म भीतररैनी रथ परिक्रमा गुरूवार को सिंहड्यौड़ी से शुरू हुई। बारिश के चलते विलंब से शुरू हुआ आठ चक्के के विशाल विजय रथ की परिक्रमा से पूर्व देवी के छत्र और खड्ग के साथ मुख्य पुजारी द्वारा पूर्ववत मावली मंदिर की प्रदक्षिणा करते हुए परिक्रमा किया गया। इस रथ परिक्रमा विधान में चार पहियों के फूलरथ के स्थान पर आठ पहियों वाला विशालकाय विजय रथ परिक्रमा के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके निर्माण में फूलरथ की अपेक्षा अधिक लकड़ी उपयोग में लाया जाता है, तथा बनावट में भी अंतर होता है। विजय पर्व में चलायमान होने के कारण विजय रथ अथवा भीतर रैनी रथ कहा जाता है। यह रथ विजयादशमी के दिन अपने पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही परिक्रमा करता है। इसे खींचने के लिए कोड़ेनार-किलेपाल परगना के आदिवासियों का विशेष अधिकार होता है। जिन्होने रथ परिक्रमा के बाद रथ को चुराकर सिरहासार से लगभग 3 किमी दूर कुम्हड़ाकोट के जंगल में ले गए। इसे खींचने के लिए कोड़ेनार-किलेपाल परगना से सैकड़ों की संख्या में परगना के ग्रामीण पहुंचे थे। रथ परिक्रमा देखने लगा लोगों का लगा रहा हुजूम वहीं विजय रथ आगे सैकड़ों देवी देवता रथ की अगुवानी करते हुए चल रहे थे।

- रथ परिक्रमा देखने लगा लोगों का हुजूम, सैकड़ों देवी देवता कर रहे थे रथ की अगुवानी





### आज नयाखाई, महाराजा समेत हजारों देवी देवताओं का होगा संगम

दशहरा की प्रमुख रस्म बाहर रैनी रथ परिक्रमा शुक्रवार को कुम्हड़ाकोट के जंगल से शुरू होगा। परम्परानुसार किलेपाल परगना के ग्रामीणों के साथ महाराजा यहां नए चावल का खीर खाएगें जिसे नयाखानी रस्म कहा जाता है। इसके उपरांत भीतर रैनी रस्म में चोरी कर ले जाया गया विजय रथ को वापस दंतेश्वरी मंदिर स्थित सिंहड्यौड़ी के सामने लाया जाएगा। परम्परानुसार विजय रथ को किलेपाल परगना के ग्रामीणों द्वारा चोरी कर ले जाया जाता है। वहीं रथ को वापस लाने के लिए महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव लाव लश्कर के साथ कुम्हड़ाकोट पहुंचेगें यहां परम्परानुसार ग्रामीणों को मनाकर उनके साथ नयाखानी में शामिल होने के बाद शाम को कुम्हड़ाकोट से दंतेश्वरी मंदिर के सामने रथ को वापस लाया जाएगा।

### परिक्रमा पूर्ण हो जाने के बाद परम्परानुसार चोरी किया गया विजय रथ

सिरहासार भवन के करीब से विजय रथ की परिक्रमा शुरू की गई। यहां से जगन्नाथ मंदिर, गोलबाजार, जयस्तभं चौक, गुरूगोविंद सिंह चौक होते हुए रथ दंतेश्वरी मंदिर स्थित सिंहड्यौड़ी पहुंची इसके बाद देर रात विजयरथ चोरी करके मेनरोड, लालबाग होते हुए नगर से लगभग 3 किलोमीटर दूर कुम्हड़ाकोट के जंगल में ले जाकर छुपा दिया गया।

# 100 वर्ष की यात्रा देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित : विस्पुते



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विजयादशमी पर्व और 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन भारी बारिश में भीगते हुए अनुशासन के साथ हुआ। नवमी के दिन पथ संचलन सिटी ग्राउंड से प्रारंभ होकर कोर्ट चौक, नयापारा, हाता ग्राउंड, चांदनी चौक होकर मंडी प्रांगण में संपन्न हुआ। जहां राष्ट्रीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते मुख्य वक्ता ने संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर उद्बोधन दिया। उन्होंने संघ की इस यात्रा को राष्ट्र की एकता और अखंडता व हिंदू समाज के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। राष्ट्र के वर्तमान चुनौतियों पर भी उन्होंने अपने विचार रखे। वहीं धरमपुरा, कुम्हरावड, तेतरकुटी,बालाजी वार्ड का विजयादशमी उत्सव पीजी कालेज मैदान मे मनाया गया। शताब्दी वर्ष के इस उत्सव में बड़ी संख्या मे स्वंयसेवक एवं मातृ शक्ति शामिल हुये। इस अवसर पर नगर संघ चालक सुबीर नंदी,छग सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप एवं गणमान्य नागरिक,संघ के स्वंय सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे संघ के प्रेम शंकर सह क्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र का भी उदबोधन हुआ। पथ संचलन एवं उदबोधन के दौरान बरसते पानी बारिश में भी 10 वर्ष के बालक से लेकर 70 वर्ष के वरिष्ठ स्वंयसेवकों का उत्साह दिखाई पड़ा।

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में दिखा उत्साह

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव,महापौर संजय पाण्डेय, पार्षद योगेंद्र पाण्डेय, लक्ष्मण झा, युवा नेता मनीष पारेख समेत बड़ी संख्या में संघ से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# सिंदूर खेला के बाद बरसते पानी में मां को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विजयादशमी के दिन सार्वजनिक दुर्गोत्सव समितियों में विराजी मां दुर्गा तथा अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का बरसते पानी में विर्सजन किया गया। सुबह से ही बारिश होती रही बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कमी नहीं दिखी। कुम्हारपारा बंगीय समाज के दुर्गा मंडप में सुबह से ही भक्त जुटने लगे। महिलाएं ▶▶|शेष पेज 12 पर

# बैंक की लापरवाही से आदिवासी किसान की पीएम किसान निधि हो गई पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा के आदिवासी किसान जयमन कश्यप को बैंक की लापरवाही और आइरिक्स टेक्नोलोजी प्रणाली की तकनीकी खामियों का खामियाजा भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि की निकासी के दौरान किसान के खाते से 2000 रुपए अतिरिक्त कट गए। उपसरपंच पूरन कश्यप ने बताया कि किसान ने ग्रामीण बैंक बस्तर शाखा से 10000 रुपए आइरिक्स प्रणाली के जरिए निकाली। बैंक के ऑपरेटर ने दोबारा अंगूठा लगाने को कहा, इस दौरान किसान की जानकारी के बिना ही अतिरिक्त 2000 रुपए की निकासी हो गई। जब जयमन ने पीएम किसान निधि की शेष राशि का बैलेंस चेक कराया, तब यह गड़बड़ी सामने आई। बैंक अधिकारियों ने भी निकासी की पुष्टि की। बताया कि 5 अप्रैल को 2000 रुपए अतिरिक्त निकाले गए हैं। पीड़ति किसान ने जब जवाब मांगा तो वे जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि शिकायत की प्रक्रिया में 15 दिन का समय लगता है। इससे किसान परेशान होकर पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज कराई है।

# मंडी प्रांगण और देवसराय में असुविधा के बीच रह रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर दशहरा पर्व में पूरे संभाग के कोने-कोने से हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंचते है। ग्रामीणों के ठहरने के लिए व्यवस्था पुराने मंडी प्रांगण में की गई है। शेड के चारों तरफ से खुला होने से और पिछले 4-5 दिनों से हो रही बारिश के चलते ग्रामीण परेशान हैं। तहसीलदार, पटवारियों और राजस्व निरीक्षक की ड्यूटी व्यवस्था बनाने में लगाई गई है। नवनिर्मित देवसराय में बिजली और पंखा नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। बारिश और अंधेरे में समस्याओं का सामना करना पड़ ▶▶|शेष पेज 12 पर

- दशहरा में पहुंचे ग्रामीण अंधेरे में बना रहे खाना
- लगातार बारिश से हो रही परेशानी

### पटवारियों ने नही दी जानकारी

मंडी प्रांगण में समस्या पर पटवारियों ने मुझे कोई जानकारी नहीं दी है। लक्ष्मीनारायण मंदिर, देवसराय भवन में असुविधाओं की किसी ने शिकायत नहीं की है। मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। पटवारी और आरआई से जानकारी लेकर सुविधा बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

*राहुल गुप्ता, तहसीलदार जगदलपुर*

### मुक्ति मोर्चा ने धरना देकर समस्या दूर करने की मांग की

# सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा का हाल बेहाल, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नारायणपुर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर धरना दिया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है जैसे जोश से भरे नारे गूंजते रहे। विकास से वंचित नारायणपुर के अधिकार को लेकर मोर्चा ने अपनी बात रखी।

नवनीत ने कहा कि बस्तर के चुने जनप्रतिनिधि सत्ता में पहुंचने के बाद जनता को भूल गए । उन्होंने कहा कि यहां अस्पताल की दुर्दशा दुखद है। खनिज संपदा की लूट जारी है। आदिवासियों के अधिकारों का हनन हो रहा है धार्मिक अस्थिरता आर्टिकल 25 का उल्लंघन हो रहा है। जनता गंभीर समस्याओं से पीड़ति हैं यहां बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। लोग पानी बिजली सड़क के लिए तरस रहे हैं। अधिकांश सड़कें अत्यधिक जर्जर एवं गड्ढों से भरी हुई हैं। आवागमन में कठिनाई, दुर्घटनाओं का खतरा और बरसात में स्थिति और विकट हो जाती है।






### बिजली समस्या से सभी परेशान

बार-बार बिजली गुल होना और वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण और शहरी दोनों प्रभावित हैं। छात्रों की पढ़ाई, किसानों की सिंचाई और व्यवसाय सभी पर असर पड़ता है। खदानों से निकलने वाला लाल पानी किसानों की जमीन तक पहुंच रहा है। जिससे फसलें खराब हो रही हैं और भूमि की उर्वरता घट रही है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, पर्याप्त डॉक्टर, दवाइयां व उपकरण नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सही समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा। कई विद्यालय भवन जर्जर हैं और शिक्षकों की कमी है। बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। गर्मियों में कई गांवों में पीने के पानी की भारी किल्लत हो जाती है। हैंडपंप और टैंकर पर्याप्त नहीं हैं।

### कागजों में योजनाएं

युवाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं हैं। स्वरोजगार योजनाएं भी जमीनी स्तर पर ठीक से लागू नहीं हो रही हैं। शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर नहीं पहुंच पाता। कई योजनाएं कागजों तक ही सीमित हैं।

# 1614 वाहनों पर 58.56 लाख से अधिक का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग के मुख्यालय की ओर से उड़नदस्ता टीम सुबह से बस्तर संभाग के सात जिलों के सड़कों में वाहनों की जांच में जुटे हुए हैं। जगदलपुर उड़नदस्ता की टीम ने सितंबर माह में 1614 वाहनों पर 58 लाख 56 हजार 377 रुपए जुर्माना किया, इस तरह से उड़नदस्ता टीम की ओर से विभाग के लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूल किया गया। इस तरह से 1511 प्रकरण में 19 लाख 82 हजार, 39 वाहनों से बकाया टैक्स 25 लाख 45 हजार 272, ई-चालान से 64 वाहनों ▶▶|शेष पेज 12 पर

- वाहनों की जांच से लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूला
- टैक्स बकायादार 39 वाहनों पर 25 .45 लाख की कार्रवाई



### नियमों के उल्लंघन पर कर रहे सख्ती

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों में पहली बार जुर्माना किया गया। वाहन चालकों को कहा कि परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें, अन्यथा सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### धनोरा में धूमधाम से किया दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन





**धनोरा।** नवरात्रि उत्सव के समापन पर धनोरा में दुर्गा विसर्जन की धूम रही। विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पारंपरिक तरीके से किया गया। श्रद्धालुओं ने माता की जयकारे लगाते हुए प्रतिमाओं को नदी या तालाब तक ले जाकर विसर्जित किया। विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों ने माता दुर्गा की भक्ति में डूबकर उत्सव का आनंद लिया। विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए माता की भक्ति में लीन रहे। प्रमुख मार्गों पर विसर्जन जुलूस का भव्य स्वागत किया गया और जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी। विसर्जन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। पुलिस और प्रशासन की टीम ने विसर्जन जुलूस की निगरानी की और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर शहरवासियों ने माता दुर्गा से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की और विसर्जन के बाद अपने घरों में भी पूजा-अर्चना की।

### आज भंडारा

**जगदलपुर।** हिंगलाज युवा मंच द्वारा भण्डारा का आयोजन शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। एसबीआई चौक पुराना बस स्टैण्ड के पास किया जाएगा।

# बुजुर्ग हैं परिवार की सबसे बड़ी शक्तिः विधायक उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को कोंडागांव के बड़े कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में बुजुर्गों के सम्मान हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अलग खबर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी शामिल हुईं। उन्होंने कहा मन यदि मजबूत हो तो उम्र छोटी हो जाती है। परिवार में बुजुर्ग सबसे बड़ी शक्ति होते हैं, उनके रहते घर–परिवार सुरक्षित और निश्चिंत रहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुफ्त इलाज योजना की जानकारी दी और बुजुगोंर् से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा गांव का खानपान और जीवनशैली ने आपको तंदुरुस्त रखा है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि जिन बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही है, उन्हें तत्काल लाभ दिलाया जाए।

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित**

**उपहार और सहयोग सामग्री का किया वितरण**

बुजुर्गों को उपहार भेंट किए गए। जरुरतमंदों को श्रवण यंत्र, बैसाखी और व्हीलचेयर वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। मनोरंजन के लिए खेलकूद गतिविधियाँ कराई गईं।




**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उराव, मनोज जैन, पार्षद संतोष पात्रे, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

भुमका व हिर्री के दशहरा में नही होता रावण दहन, रामलीला मंचन के बाद करते हैं रावण के पुतले का वध

# अनोखी परम्परा, रावण की नाभि से निकले अमृत का किया गया तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

दशहरा उत्सव का नाम आते ही रामलीला व रावण दहन की छवि मानस पटल पर होती है। जिसमें दशहरा के दिन अंत में रावण का दहन किया जाता है। लेकिन कोण्डागांव जिले के कुछ छोटे से गांव मे चार दशक से भी अधिक समय से परंपरा चल रही है जहाँ रावण बनाया जाता है लेकिन उसे जलाया नही जाता, बल्कि मिट्टी के बने रावण का वध किया जाता है । यह अनोखी परप्परा ग्राम हिर्री व भूमका में होती है। जो इस साल 02 अक्टूबर दिन गुरुवार को देखने मिला जहाँ रावण का वध किया गया। इसे देखने के लिए क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण भुमका और हिर्री में पहुचे। तेज बारिश के बीच भी ग्रामीणों ने छाता लेकर रामलीला को देखा । जिले के फरसगांव ब्लाक अंतर्गत ग्राम भुमका व हिर्री में दशहरा मंचन अनोखे तरीके से किया जाता है। विगत कई वर्षो से परम्परा अनुसार भुमका और हिर्री में दशहरा पर्व में रावण के पुतला का दहन नहीं किया जाता बल्कि रावण की मूर्ति बनाकर रावण का वध किया जाता है, ग्रामीणों का कहना है रावण को मारना मुश्किल था क्योंकि उसके नाभि में अमृत है। भगवान राम ने रावण की नाभि में तीर चलाकर वध किया। फिर उसके बाद ग्रामवासी रावण की नाभि से निकलने वाले अमृत के लिए टूट पड़ते है। नाभि से निकलने वाले अमृत का माथे में तिलक करते हैं। महाज्ञानी ब्राम्हण रावण के बुरे कार्यो पर सचाई की जीत का तिलक वंदन करते हैं। इस अनोखी परम्परा को देखने के लिए क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुचते है । दशहरा की यह अनोखी परम्परा भुमका और हिर्री में विरासत काल से चली आ रही है, जिसका आसपास के लोगो का बेसबरी से इंतजार रहता है।






***तिलक करने से होता है लाभ***

*ग्राम भुमका के सरपंच रामभरोस, ग्रामीण और हिर्री के ग्रामीणों का कहना है रावण का दहन करने से उसके साथ उसके नाभि के अमृत का भी दहन हो जाता है। जिसके कारण हमारे गाँव मे रावण दहन नहीं किया जाता हैं। बल्कि रावण का वध कर नाभि से निकले अमृत का तिलक करते हैं। ऐसी मान्यता है नाभि से निकलने वाले अमृत तिलक करने से शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से लाभ होता है ।*

***मिट्टी से बने रावण पुतले का किया जाता है वध***

*मूर्तिकार भुमका निवासी रूपसिंह निषाद, मोहन कुँवर व हिर्री निवासी मूर्तिकार रामचंद्र राणा ने बताया की दशहरा में रावण की मूर्ति बनाने एवं सजाने का काम हर वर्ष गांव में बखूभी निभाते है, रावण मूर्ति की नाभि में मिटटी के पात्र में लाल रंग भरकर रावण की नाभि में डाला जाता हैं, भगवान राम द्वारा के मिट्टी से बने रावण की मूर्ति का वध किया जाता है।*

# बारिश के बीच रावण कुंभकरण, मेघनाद के पुतलों का हुआ दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- पहली बार रावण के साथ कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले भी जले
- स्टेडियम ग्राउंड में हुआ आयोजन।

2 अक्टूबर को कोंडागांव में भारी बारिश के बावजूद धूमधाम से दशहरा मनाया गया। भीगते मौसम में भी लोग मैदान में जुटे और पुतला दहन का आनंद लिया। गुरुवार को सुबह से हो रही झमाझम बारिश के कारण पुतले पूरी तरह भीग गए थे। आयोजकों को बार–बार मशाल से आग लगानी पड़ी, तब जाकर पुतलों ने आग पकड़ी और धू धू कर जल उठे । महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग छतरियां, रेनकोट और सिर पर कपड़े रखकर मैदान में पहुंचे। बारिश के बीच भी लोगों का जोश देखने लायक था। पारंपरिक राम–रावण संवाद का मंचन हुआ। बारिश में भीगते हुए कलाकारों ने दर्शकों का मनोरंजन किया और तालियों से उनका उत्साह बढ़ा। भीगे पुतलों के दहन के बाद आसमान से गिरती बूंदों और जलते पुतलों की लपटों का अद्भुत –श्य बना। रंग–बिरंगी आतिशबाजी ने माहौल को रोशन कर दिया। पुतलों के धधकने के बाद पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा और लोग उत्साह से झूम उठे।

# कोण्डागांव में विश्व रेबीज दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- विद्यार्थियों को रेबीज संक्रमण, कारण और टीकाकरण की दी गई जानकारी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कार्यालय सभाकक्ष में विश्व रेबीज दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रेबीज से बचाव और टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि असामान्य रूप से काटने वाला जानवर रेबीज का कारण हो सकता है। काटने पर घाव को तुरंत बहते पानी से धोना और खुला रखना चाहिए। साथ ही समय पर एंटी रेबीज टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। जानकारी दी गई कि बिना टीका लगाए संक्रमण के लक्षण 30 दिन से 6 साल के भीतर सामने आ सकते हैं। इनमें पानी, हवा और रोशनी से डर जैसे गंभीर लक्षण शामिल हैं।




***पालतू जानवरों के टीकाकरण पर जोर***

*पालतू जानवरों को नियमित रूप से एंटी रेबीज टीका लगाना जरूरी है। काटे जाने पर पहले से टीका लगा होने की स्थिति में भी डॉक्टर के निर्देशानुसार पुनः टीका लेना आवश्यक है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी रेबीज टीके निःशुल्क उपलब्ध हैं। ये पूरी तरह सुरक्षित हैं और सभी वर्गों के लिए उपयोगी हैं। इस अवसर पर जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर के विद्यार्थी, जिला समन्वयक टीबी विभाग कांतग देवांगन, आईसीटीसी काउंसलर संतोष ठाकुर, एसटीआईएस काउंसलर श्रीमती रीना एवं जिला महामारी विशेषज्ञ झम्मन लाल वर्मा उपस्थित रहे।*

# विजयदशमी पर थाने में पुलिस के जवानों ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

बुराई पर अच्छाई के विजय पर्व विजयदशमी पर शस्त्र पूजने करने की परंपरा सदियों पुरानी है। शस्त्र पूजन की ये परंपरा विजयदशमी के दिन हर घर में विधिविधान से की जाती है। पूजा कर लोग यही कामना करते है कि उनके शस्त्र से समाज, परिवार की रक्षा हो और हमेशा सत्य की विजय हो ऐसे में हमेशा शस्त्रों के साथ रहने वाली पुलिस भी शस्त्र पूजन में पीछे नहीं है। फरसगांव थाना में पुलिस के जवानों ने गुरुवार 2 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजन किया। थाना प्रभारी संजय शिंदे सहित सभी पुलिस कर्मियों ने हवन कर शस्त्रों का पूजन किया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार विजयादशमी बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है, ऐसे में पुलिस का प्रयास है कि वह गलत काम करने वाले, देश विरोधी ताकतों और झगड़ा करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई कर सके ।



# पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक मोटर सायकल जब्त

पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 8640 रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब सहित एक मोटर सायकल को जब्त किया गया है।

फरसगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोहलई में अवैध शराब बिकी की सूचना मिली थी। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस ने बुधवार को मुखबीर के बताये स्थान ग्राम मोहलई खासपारा जाकर एक व्यक्ति सवील सोनवंशी पिता नवलूराम सोनवंशी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहलई खासपारा को पकड़ा । उसके कब्जे से कुल 16 लीटर 80 एम.एल. किमती 8,640 रुपए के साथ नंबर के मोटर सायकल को जब्त किया गया ।आरोपी का कृत्य अपराध 34 (2) आबकारी अधिनियम का अपराध करते पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार किया गया। बाद थाना फरसगांव में अपराध कमांक 124/2023 पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका**

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सायबर प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि सुरेन्द्र बघेल, पिताम्बर कठार, आरक्षक मनोज वट्टी, सदेश सोरी व सायबर टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

## चक्रवात तूफान के प्रभाव से बस्तर में दिनभर हुई बूंदाबांदी

**जगदलपुर।** बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान और वायुमंडल में लगातार बन रहे अलग-अलग सिस्टम की वजह से सुमचे बस्तर अंचल में इसका खासा प्रभाव देखा गया। यही वजह है कि पिछले 3-4 दिनों से अंचल में बारिश हो रही है। गुरुवार को सुबह से शाम तक आसमान में काले बादल छाए रहे और दिनभर बूंदाबांदी तो कभी हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहा। लगातार बारिश से अंचल के तापमान में गिरावट आई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। अधिकतम तापमान 25.2 एवं न्यूनतम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

त्यौहारी सीजन में व्यापार और कारोबार प्रभावित हुआ। वहीं जन-जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। शासकीय अवकाश होने से लोग दिनभर घरों में दुबके रहे। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार अगले 2 दिनों तक अनेक स्थानों पर वर्षा होगी।

वायुमंडल में एक सिनोप्टिक सिस्टम दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी,उज्जैन,झांसी से होकर गुजर रही है। पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर गहरा अवदाब पिहले 6 घंटों के दौरान 18 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और गुरुवार को सुबह 11.30 बजे उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के उपर केनद्रित हो गया। इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ते रहने और आज शाम तक गोपालपुर के पास ओडिसा और उससे सटे आन्ध्र प्रदेश के तटों को पार करने की प्रबल संभावना है। पिछले 24 घण्टो में बुधवार से जारी वर्षा का बस्तर संभाग के सभी जिलों में असर रहा। सर्वाधिक वर्षा उत्तर बस्तर के पखांजुर में 60 एमएम दर्ज किया गया। जबकि गीदम,छिंदगढ़,कुटरू में 50 एमएम,तोंगपाल, लोहंडीगुड़ा, केशकाल में 40 एमएम,गादीरास,बस्तर,बारसूर,छोटे डोंगर,सरोना,धनोरा,बीजापुर में 30 एमएम,फरसगांव, कोंडागांव, तोकापाल, भानुप्रतापपुर, सुकमा,गंगालूर,कटेकल्याण में 20 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बुधवार को 20 एवं आज गुरुवार को शाम साढ़े 5 बजे तक 12 एमएम वर्षा दर्ज किया गया।

# युवाओं को सेना भर्ती की तैयारी का सुनहरा मौका




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- 4 अक्टूबर से शुरू होगा नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण का आठवां चरण
- पूर्व सैनिक सेवा परिषद की पहल, कई युवाओं को मिल चुकी है नौकरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की पहल पर जिले के युवाओं को अब सैन्य और अर्द्धसैन्य बलों में भर्ती की तैयारी के लिए एक बार फिर सु न ह रा अवसर मिलने जा रहा है। परिषद द्वारा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का आठवां चरण आगामी 4 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें सुबह 5:30 से 7:00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के जरिए युवाओं को अग्निवीर, थल सेना, जल सेना, वायु सेना, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, असम राइफल, एस.एस.बी., छत्तीसगढ़ आर्म्ड पुलिस फोर्स, रेलवे पुलिस फोर्स, छत्तीसगढ़ पुलिस, बस्तर फाइटर, होमगार्ड और फॉरेस्ट गार्ड जैसे पदों पर भर्ती की तैयारी कराई जाएगी।

**क्षेत्र के युवाओं के लिए अवसर**

परिषद ने जिले के सभी युवक एवं युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील की है। यह निःशुल्क प्रशिक्षण न केवल उन्हें भर्ती परीक्षाओं में सफलता दिलाने में मदद करेगा बल्कि अनुशासन, देशभक्ति और शारीरिक क्षमता भी विकसित करेगा। यह प्रशिक्षण युवाओं के लिए देश सेवा का मार्ग प्रशस्त करेगा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर करेगा।

# 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने किया रक्तदान और रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल में हुआ आयोजन
- कमाण्डेंट भवेश चौधरी बोले – रक्तदान से बड़ी कोई सेवा नहीं

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस अभियान के अंतर्गत 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा जिला अस्पताल कोण्डागांव में रक्तदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कमाण्डेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। रक्तदान दिवस का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित और सुलभ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिला अस्पताल परिसर में फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। अधिकारियों ने उपस्थित जवानों और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।






**रक्तदान है महादान : कमाण्डेंट**

कमाण्डेंट भवेश चौधरी ने कहा कि रक्तदान महादान है, यह किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। सीआरपीएफ समय–समय पर ऐसे आयोजन कर समाज को प्रेरित करती रही है।

**इनकी रही सक्रिय भागीदारी**

आयोजन का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी नीतीन्द्रनाथ ने किया। इस अवसर पर उप कमाण्डेंट दीपक सिंह, कमल सिंह मीणा, सहायक कमाण्डेंट बन्ना राम, निरीक्षक सत्यवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, डॉ. प्रेमलाल मण्डावी एवं डॉ. भाग्यलक्ष्मी कोसमा सहित अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### सिंदूर खेला के...

गोला बनाकर नृत्य करती हुई देवी की स्तुति गान में लीन रही। वहीं घर से पूजा सामग्री और सिंदूर की थाल लेकर महिलाएं दुर्गा मंडप पहुंची और देवी मां की चरण में सिंदूर चढ़ाकर सुहाग की सलामती के लिए कामना की। इसके बाद एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला में शामिल हुए। बड़ों का आशीर्वाद लिया गया। शाम को बरसते पानी के बीच प्रतिमाओं को बरसाती में ढककर ट्राला में विर्सजन के लिए निकले। डीजे की धुन में बारिश में भीगते हुए युवा उत्साह और जोश से भरे रहे। देवी मां के जयकारे के साथ अगले बरस तु जल्दी आ के जयघोष भी लगाते रहे।

### मंडी प्रांगण और...

रहा है। रात के अंधेरे में भोजन बनाना पड़ रहा है। देवसराय भवन में दीवार पर क्रेक है। पूरे भवन में सीलिंग फेन लगा है लेकिन स्विच बोर्ड काम नहीं कर रहा है। आदिवासी समाज के लखेश्वर कश्यप ने कहा कि दशहरा पर हमारे आदिवासी रथ खींचने वालों और देवी-देवताओं के रक्षकों को कृषि मंडी जैसे असुविधाजनक स्थान पर ठहराया गया है। उन्हें बारिश में मालवाहक ट्रकों से लाया और ले जाया जाता है। जबकि दूसरी ओर परदेशी मेहमानों के लिए बड़े होटलों सहित अन्य जगहों पर व्यवस्था की गई। उल्लेखनीय है कि हर साल दशहरा में सरकार करोड़ों रुपए खर्च करती हैं।

### 1614 वाहनों पर...

से 13 लाख 29 हजार 100 रूपए समझौता शुल्क वसूला। बस्तर संभाग में कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, रायपुर, ओडिशा रोड में वाहन चालक बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसमें सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा के वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिल रहे हैं, जिन पर सख्ती कार्रवाई कर जुर्माना किया जा रहा है। साथ ही ओव्हरलोड वाहनों की मोबाइल वे पैड से जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### झाड़ू लगाकर की स्वच्छता अभियान की शुरुआत



**दरभा।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी दरभा मंडल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम दरभा ब्लॉक के छिंदावाड़ा पंचायत क्रमांक 1 के रामपाल मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप एवं जनपद उपाध्यक्ष हरि प्रसाद पीडी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने हाथों से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ,अनंत कश्यप,दलपत राय, पिछड़ा मोर्चा थलेश सेठिया, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, नारायण कुरानी मुन्नू सिंह, महेश बघेल, रामेश्वर नाग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूर्व जिला शिक्षाधिकारी को दी विदाई

**गीदम।** शालेय शिक्षक संघ द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में जिले के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबष्ट को भावपूर्ण विदाई दी गई। शिक्षकों ने उनके सरल स्वभाव, निष्ठा और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "स्थानांतरण और पदस्थापना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है बदलाव प्रकृति का नियम है। यदि सभी शिक्षक कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें तो दंतेवाड़ा की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया जा सकता है। इस अवसर पर शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने कहा कि अंबष्ट सर ने सदैव शिक्षक समाज की भावनाओं को महत्व दिया और पारदर्शी कार्यशैली से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाए।

### ग्राम सभा ने पर्यटन प्रबंधन पर लिया निर्णय

**लोहंडीगुड़ा।** चित्रकूट जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा की ग्राम सभा ने पर्यटन स्थल प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया है। यह निर्णय संविधान की पाँचवीं अनुसूची एवं पेसा ऐक्ट 2022 के अंतर्गत लिया गया है, जिसके तहत ग्राम सभा को सर्वोच्च निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है।

ग्राम पंचायत चित्रकूट की 11 अगस्त को हुई विशेष ग्राम सभा में स्थानीय पर्यटन स्थल पर शुल्क व्यवस्था, स्वच्छता प्रबंधन एवं नामांकन संचालन के लिए नई समिति गठित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

# स्वच्छता एक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम है : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी तोकापाल मंडल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय भाजपा कार्यालय परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने हाथों से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि यह राष्ट्रसेवा का एक सशक्त माध्यम है। गांधी जी का सपना था कि भारत स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर बने। आज उनके सपनों को साकार करने की दिशा में यह छोटा सा कदम भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। वहीं स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए भागीदारी निभाई। लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधायक गोयल ने कहा, "शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का मंत्र देकर देश की आत्मा को आवाज दी थी। आज हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज व राष्ट्र निर्माण में भाग लेना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एवं अन्य प्रकोष्ठों के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन गांधी-शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।भाजपा तोकापाल मंडल द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि आगामी दिनों में भी सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाएगा, जिससे आम जनता लाभान्वित हो सके।

### सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान एवं गांधी-शास्त्री जयंती पर हुए कार्यक्रम



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप , जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी , उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, चन्द्रकान्ता भण्डारी , मण्डल महामंत्री मेघराज ठाकुर, मुन्ना कश्यप, बन्टी ठाकुर , निहान्शु सिंह एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## बंग सोशल एंड कल्चर एसोसिएशन ने किया दुर्गा पूजा का आयोजन

# बंग समुदाय की महिलाओं ने सिंदूर खेला में मां को किया विदा

हरिभूमि न्यूज : किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल के बंगाली कालोनी में बंगाली समाज द्वारा 62वां वर्ष की बंग सोशल एंड कल्चर एसोसिएशन ने सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा का आयोजन किया बंग समुदाय, दुर्गा पूजा के पांच दिन, षष्ठी से दशमी तक मां दुर्गा को मायके आई हुई बेटी के रूप में पूजा जाता है। दशमी के दिन माना जाता है कि मां दुर्गा अपने पति भगवान शिव के पास कैलाश लौट जाती हैं। इसलिए यह दिन एक ओर खुशी का होता है कि बुराई पर अच्छाई की विजय हुई, तो दूसरी ओर वियोग का भी होता है क्योंकि माँ अपने भक्तों को छोड़कर चली जाती हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा को डोल-नगाड़ों, ढाक और शंख की गूँज के साथ शोभायात्रा में ले जाया जाता है। जयघोष और नृत्य के बीच भक्त मां को विदाई देते हैं। जल में विसर्जन से पहले हर कोई देवी के चरणों में प्रणाम कर आशीर्वाद मांगता है।

विसर्जन के उस क्षण में भक्तों की आँखें नम हो जाती हैं, मानो अपनी ही बेटी को ससुराल विदा कर रहे हों। यह क्षण बंगाली समाज की गहरी भावनाओं और आस्था का जीवंत चित्र है।

बंगाली समुदाय की महिलाओं द्वारा दुर्गा पूजा के विजयदशमी के दिन सिंदूर खेला की रस्म निभाकर माँ दुर्गा को नम आंखों से विदा दी , यहां परंपरा 400वर्षों से भी पुरानी है , शादीशुदा महिलाएँ माँ को सिंदूर अर्पित करती हैं और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अपने और अपने परिवार के लिए सौभाग्य, सुख और समृद्धि की कामना करती हैं. यह रस्म माँ के मायके से ससुराल लौटने के रूप में देखी जाती है और यह पति के लंबी आयु के आशीर्वाद के लिए की जाती है।

### रस्म का महत्व

सुहाग का प्रतीक सिंदूर को सुहाग और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। माँ दुर्गा को भी सुहागिन का रूप मानकर उनकी विदाई के समय महिलाएं उन्हें सिंदूर लगाती हैं, ऐसा विश्वास किया जाता है कि ऐसा करने से उनके सुहाग की उम्र लंबी होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### विदाई के भावुक क्षण

यह रस्म माँ दुर्गा की विदाई का एक भावुक क्षण होता है. महिलाएँ माँ को सिंदूर लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लेती हैं और अपने बच्चों के सुख की कामना करती हैं

### रस्म निभाने का तरीका

सिंदूर अर्पित करना सबसे पहले महिलाएँ माँ दुर्गा की प्रतिमा को सिंदूर चढ़ाती हैं उसके बाद, वे एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं और दुर्गा मैया की जय के जयकारे लगाती हैं। इस अवसर पर वे एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देती हैं। बंगाली समाज में विजयादशमी केवल माँ दुर्गा के विसर्जन का दिन नहीं है, बल्कि यह भक्ति, आस्था, भावनाओं और परंपराओं का अनोखा संगम है।

# गाजे-बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

ग्राम पंचायत बेडागुड़ा, परपा, तोकापाल में गुरुवार माँ दुर्गा को विदाई दी गई। बता दें आसपास गाँव के तीन पंडालों में स्थापित मां दुर्गा को पूजन हवन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर गाँव भ्रमण करते हुए बाजे गाजे के साथ नाचते गाते माता दुर्गा की प्रतिमा बेडागुड़ा व परपा की मूर्तियों को आरापुर तालाब में विसर्जित की जाती है तथा तोकापाल के माँ दुर्गा के प्रतिमा को गाँव के कोयर नदी में विसर्जन की जाती है, इस दौरान माता की अंतिम दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सड़कों पर खड़े रहें। आसपास के गाँवों में भी प्रतिमाओ का जोरदार विसर्जन किया गया केशलूर, राजूर, एर्राकोट, आरापुर, दुगनपाल, रायकोट, पाराकोट विसर्जन के दौरान पुलिस बल एवं गाँव के युवा व नागरिक ट्रेफिक कंट्रोल की भूमिका निभाते नजर आये अमला जगह जगह तैनात थे, ग्रामीणों में बड़ी नमः आँखो से माता की अंतिम विदाई दें रहे और अपनी मनोकामना को पूर्ण करने की लालसा से एक टक निहार रहे थे।

## गार्ड प्रभारी ने दिखाई बहादुरी, डूबते 5 साल के बच्चे की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के कार्यालय में तैनात गार्ड प्रभारी फनकुराम नेताम ने एक साहसिक और मानवीय कार्य करते हुए डूबते हुए 5 वर्षीय बच्चे की जान बचाकर एक मिसाल पेश की है। घटना उस समय की है जब कार्यालय परिसर के पास खेल रही दो बच्चियों में से एक बच्ची अनजाने में पानी में गिर गई और डूबने लगी। दूसरी बच्ची ने तत्काल दौड़करगार्ड प्रभारी फनकुराम नेताम को इसकी सूचना दी। ड्यूटी पर तैनात नेताम ने बिना देर किए स्थिति की गंभीरता को समझा और तुरंत मौके की ओर दौड़े। उन्होंने बिना अपनी जान की परवाह किए पानी में छलांग लगाई और डूब रही बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। बच्ची की हालत देखकर उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई है। समय पर मिली सहायता से बच्ची की जान बचाई जा सकी। फनकुराम नेताम की इस तत्परता, साहस और संवेदनशीलता के लिए विधायक विनायक गोयल ने उनकी प्रशंसा की।



## गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत जनपद पंचायत क्रमांक 24 के जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बच्चों एवं युवाओं के साथ मिलकर अपने निवास स्थल गुच्छा गुड़ा में साफ-सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रांगण एवं मुख्य मार्ग की साफ-सफाई की गई। बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए झाड़ियां काटी और आसपास की गंदगी हटाई। इस अवसर पर जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर के साथ लिखेंद्र ठाकुर, विक्रम ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, तुलाराम कश्यप सहित पारा के बच्चे और युवा दल सक्रिय रूप से मौजूद रहे। गांधी जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा और सभी ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## बारसूर में गांधी-शास्त्री जयंती पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नगर पंचायत बारसूर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के उपरांत नगर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्षा सुभद्रा नेगी ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बैसुराम मंडावी, पूर्व जिला मंत्री जसवीर नेगी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश्वरी मांझी, सीएमओ व इंजीनियर, सोशल मीडिया मंडल संयोजक सुनील नाग, पूर्व पार्षद शिवकुमार नाग, पार्षदगण, बद्रीनाथ पुजारी, हितेश सिंहा, अनंत कश्यप, बुदनी समरथ, विजयश्री पुजारी, गीता बघेल, सुरेंद्र नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों को याद करते हुए स्वच्छता, सादगी और सेवा के मूल्यों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में सफाई कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज का वास्तविक आधार स्तंभ बताया गया।

## गांधी जयंती पर सीआरपीएफ 195 बटालियन के जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गांधी जयंती और विजयादशमी के अवसर पर 195 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने गुरुवार को बारसूर में स्वच्छ भारत अभियान चलाया। जवानों ने शहीद चौक से भारत माता मंदिर तक श्रमदान कर सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। यह अभियान भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आवाहन पर आयोजित किया गया। कमाण्डेन्ट अनिल कुमार सिंह ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता से न केवल बीमारियों से बचाव संभव है, बल्कि देश विकास के मार्ग पर भी अग्रसर होगा। उन्होंने आम जनता और जवानों की सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, द्वितीय कमान अधिकारी सुभाष चंद्र प्रसाद व विक्रांत वर्मा, डॉ. वागीश त्रिपाठी, एसएचओ संजय कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट संजीव कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, दुकानदार और सीआरपीएफ जवान मौजूद रहे।

## पौने दो साल में 5 लाख पशुधन राज्य से गायब, 2500 की दुर्घटना, भूख से मौत : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में बुधवार को प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस

- कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया



शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो रही गाये भूख से, दुर्घटना से मर रही है। भाजपा की सरकार ने गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया, जिसके कारण पिछले पौने दो साल में चारे पानी के अभाव में भूख से तथा खुले में घूमने के कारण बड़ी संख्या में मवेशिया सड़को पर एक्सीडेंट से लगातार मौत हो रही है। समाचार माध्यमों में जो खबरें आई है,उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़को पर कुचल कर मारी गई। लगभग 1200 से अधिक गाय भूख से चारे पानी के अभाव में मारी गई। 200 से अधिक गाय जहरीला पदार्थ आदि खाने से मारी गई।

मोर्य ने पत्रकारों को बताया गोठान बंद होने के कारण आवारा घूम रहे गो वंश जब एक समस्या के रूप में सामने आई तो सरकार ने अघोषित रूप से एक बेहद ही क्रूर निर्णय लिया और गो वंश की तस्करी को बढ़ावा देने शुरू कर दिया। 2023 में लगभग 14 लाख गोवंश का राज्य में कांग्रेस की सरकार के समय 10800 गोठानों में व्यवस्थापन होता था। उनके चारे पानी की व्यवस्था होती थी। गायो के मौत के मामले में कांग्रेस ने अभी तक 6 कमेटिया बनाई है, उनकी रिपोर्ट और कांग्रेस जो अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव वालों से चर्चा कर जानकारी एकत्रित की वह बहुत ही चौंकाने वाली वाली और दुखद है। दो साल में गांवो और शहरों में पशुओं की संख्या 40 फीसदी तक घट गई है। अर्थात राज्य से पिछले दो सालों में लगभग 5 लाख से अधिक गो वंश गायब हो गए। दुर्घटना से मरने वाली भूख से मरने वाली कुल गायों की संख्या तो लगभग 2 हजार से ढाई हजार तक है। फिर ये लगभग पांच लाख गाय कहा गई? सीधा मतलब है उनकी तस्करी कर यूपी महाराष्ट्र के स्लाटर हाउस पहुंचा दी गई।

इस दौरान ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, पार्षद सूर्यापानी,वरिष्ठ कांग्रेसी वेंकट राव,रविशंकर तिवारी, सायमा अशरफ, उस्मान रजा, सलीम जाफर अली,साकेत आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजय दशमी उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



वीर भगत सिंह प्रभात शाखा गीदम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजय दशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्यारे साहू उपस्थित रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में धनेश्वर दास उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता धनेश्वर दास ने विजयदशमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। संघ के कार्यकर्ताओं के लिए यह दिन संगठन, अनुशासन और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना भी वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी और तभी से यह दिवस संघ के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने संघ के कार्य की उपयोगिता और समाज जीवन में इसके महत्व पर भी विस्तृत विचार रखे। मुख्य अतिथि प्यारे साहू ने संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघ समाज में संगठन, सेवा और राष्ट्र निर्माण का सशक्त कार्य कर रहा है। विजय दशमी जैसे पावन पर्व पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और विजयादशमी पर्व का उत्सव उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**जगदलपुर।** रजत महोत्सव के तहत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान में शहरी स्वास्थ्य टीम ने केंद्रीय कारागार का भ्रमण किया। टीम ने कारागार के महिला कोष्ठ में बंद 52 महिला बंदियों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया। यह शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि जेल में बंद महिलाओं को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ और परामर्श मिल सके। स्वास्थ्य टीम ने बंदियों के शारीरिक स्वास्थ्य की सामान्य जाँच की, आवश्यक चिकित्सा सलाह और बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा ताकि महिला बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिल सके और वे ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार'' की संकल्पना को साकार करने में सहयोग दे सकें।

### लाल चर्च के पास नाली का कराया साफ सफाई



**जगदलपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरूवार को महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष में उनसे प्रेरणा लेकर हेल्पिंग हैड टीम के सदस्यों ने लाल चर्च के पास नाली को साफ करने की ठानकर बरसते पानी में साफ सफाई की गई। लाल चर्च की बाजू की गंदगी भी दूर हो गई पेड़ों को बढ़ने का अवसर मिल गया। इस श्रमदान एवं नाली की सफाई में प्रमुख रूप से रत्नेश बेंजामिन, प्रशांत, लवली जॉन, इमानुएल बाघ, अविनाश बाघ, बेनी फर्नांडीज, शैलेश नाग, स्वीटी, अजय सिंह ने सहयोग दिया और प्रण लिया गया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई अभियान में भाग लेते हुए हर महीने के दूसरे शनिवार को यह सफाई अभियान जारी रहेगा।

## सिंदूर खेला...



**जगदलपुर।** मैत्री संघ में विजयादशमी पर माँ दुर्गा को सिंदूर खेला रस्म के साथ विदाई दी गई। महिलाओं ने माँ दुर्गा को सिंदूर लगाया और सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मांगा। संघ के अंतिम दिन के दुर्गा उत्सव में मां दुर्गा को दर्पण विसर्जन के बाद विदा किया गया।

## गांधी उद्यान में अर्पित किए श्रद्धा सुमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गांधी जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी उद्यान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, डिप्टी कलेक्टर नंदिनी साहू, सतेंद्र बंजारे के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने राष्ट्रपिता के आदर्शों और देश के लिए उनके योगदान को याद किया। पुष्प अर्पित करने के बाद गांधीजी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेणे कहिए का पाठ किया गया। इस दौरान वातावरण देशभक्ति और सादगी से ओत-प्रोत रहा।

## नुकीले दोहरे पिंजरों वाले ट्रैक्टरों पर परिवहन विभाग कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



ट्रैक्टर वाहन को मुख्य रूप से किसानों द्वारा अपने खेतों में उपयोग के लिए बनाए जाते हैं। इन ट्रैक्टरों को नुकीले दोहरे पिंजरों वाले पहियों को हटाए बिना, अनाधिकृत और अंधाधुंध तरीके से कच्ची, डामरीकरण सड़क, सीमेंट की सड़कों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र वाली

- सड़क हो रही खराब, लोग परेशान

सड़कों पर चलाया जा रहा है। सड़क या सीमेंट की सड़कों पर ऐसे ट्रैक्टर चलाते समय दोहने पिंजरों वाले पहियों को हटाया जाना चाहिए। किसान दोहरे पिंजरों वाले पहियों को हटाए बिना ही इन वाहनों को डामरीकरण सड़क, सीमेंट सड़क की सड़कों पर चला रहे हैं, जिससे सड़कें खराब हो रही हैं। इसलिए बस्तर संभाग में ट्रैक्टर के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे ट्रैक्टरों पर परिवहन विभाग शिकंजा कसा जाएगा। बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग के मुख्यालय से निर्देश मिले कि ऐसे ट्रेक्टर जिनके टायरों में लोहे का रिंग लगा हो, जिसका प्रयोग खेत में होना चाहिए, परन्तु सड़कों में ऐसी वाहनों का संचालन किया जाना मोटर वाहन अधिनियम, नियमों के विरूद्ध है, जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इन परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए ऐसी वाहनों को सामान्य सड़कों में न चलाने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मोटरयान नियमों से अवगत कराया जाएं, ऐसी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करें।

### उड़नदस्ता व डीटीओ को दिए निर्देश

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने हाईकोर्ट के आदेश पर उड़नदस्ता प्रभारी और जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) को निर्देश दिए कि न्यायालय के आदेश पर सड़को में नुकीले दोहरे पिंजरों वाले ट्रैक्टर का चलना मोटर वाहन अधिनियम के विरुद्ध है तथा सड़क खराब हो रही और दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती हैं, ऐसे ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसके लिए लोगों में जनजागरूकता अभियान चलाएं, लोगों को नियमों से अवगत भी हो सकें।

## उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री और महापौर समेत लोगों ने झाड़ू से की सड़क की सफाई

# स्वच्छता हमारे संस्कार का विषय होना चाहिए : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज सिरहासार चौक स्थित शहीद स्मारक परिसर में साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण

- स्वच्छता बनाए रखने की ली शपथ और स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

साव और वन मंत्री केदार कश्यप ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों द्वारा स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा करते कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कार का विषय होना चाहिए। हमारे बड़े बुजुर्ग स्वच्छता को





लेकर हमें प्रेरित करते थे। स्वच्छता जन आंदोलन बन गया है हरेक व्यक्ति की सहभागिता से देश, प्रदेश और नगर को स्वच्छ स्वस्थ बनाने का प्रयास है। उन्होंने जगदलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता को जरूरी बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलवाई और समाज में स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया।

इसके बाद सिरहासार परिसर के समीप मंत्रियों, महापौर संजय पांडेय, सभापति खेमसिंह देवांगन, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, एमआईसी के सदस्य, जनप्रतिनिधियों, नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों की सहभागिता से नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों ने आसपास की साफ-सफाई कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया। स्वच्छता दौड़ में सहभागी बने बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## सीताराम शिवालय में महिलाओं ने की शस्त्र पूजा...



**जगदलपुर।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुगार्वाहिनी द्वारा जिले के कई प्रखंडों के साथ दुर्गा पंडालों में जाकर शस्त्र पूजन किया गया। सीताराम शिवालय में भी शस्त्र पूजा की गई। जहां बड़ी संख्या में महिलाये उपस्थित रही। इस अवसर पर मातृशक्ति संयोजिका सुशीला साव ने कहा कि शस्त्र पूजन का मुख्य उद्देश्य हमारी बहनों,बेटियों को अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र उठाना व चलाना सीखना है। जिससे समय आने पर वो अपनी रक्षा के साथ दूसरों के लिए सुरक्षा कर सके। इसके लिए मातृशक्ति समय समय पर कार्यक्रम भी चलाती है। हमारा आधार ही सेवा,सुरक्षा और संस्कार है। इस अवसर पर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष जबिता मंडावी समेत बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां उपस्थित रही।

## एनसीसी और एनएसएस ने कुम्हरावंड में किया स्वच्छता श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 9 सीजी एनसीसी के कैडेट्स और कृषि महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाया। इस अवसर को राष्ट्रीय एकता और सामाजिक दायित्व के रूप में मनाते हुए युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया।

यह संपूर्ण कार्यक्रम कमांडिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कांडपाल एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर एस नेताम के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस प्रभारी आरआर कंवर और सूबेदार मिथलेश द्विवेदी की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता का संदेश देते हुए सबसे पहले महाविद्यालय परिसर से ग्राम कुम्हरावंड तक एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के समापन के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

स्वयंसेवकों ने ग्राम कुम्हरावंड के पंचायत भवन की व्यापक साफ-सफाई का कार्य किया जिसमें भवन के अंदर और बाहरी परिसर को स्वच्छ बनाया गया। इस श्रमदान के माध्यम से युवाओं ने स्वच्छता ही सेवा है के महात्मा गांधी के विचार को व्यवहार में उतारा।

## प्रारंभिक संघर्ष को पारकर बड़े संस्थान की ओर बढ़ रहे विवि के कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बुधवार को शहीद महेंद्र विश्वविद्यालय का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विवि के प्रशासनिक भवन सभागार

- शमक विश्वविद्यालय का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया

में आयोजित विचार,सुझाव,अनुभव व संस्मरण साझा कार्यक्रम में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित विवि के अधिकारी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे। सभी ने बस्तर की संस्कृति के अनुसार मिल-जुलकर विवि के उत्तरोत्तर विकास के लिए काम करने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम की शुरूआत शहीद महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि हम बड़े विवि



की ओर बढ़ रहे हैं। यह विवि अपना प्रारंभिक समय और संघर्ष को पार कर लिया है। उच्च शिक्षा विभाग से नए विभागों की स्वीकृति लेकर न केवल उसे सफलतापूर्वक स्थापित किया है बल्कि मेरू विवि के मानदंड़ों को पूरा करने की ओर भी विवि अग्रसर है। विवि ने नए पाठ्यक्रमों के प्रारंभ करने के साथ-साथ बिल्डिंग जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर,विभिन्न पदों पर नियुक्ति जैसे विभिन्न सीढ़ियों को छू लिया है।

प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि आगे के सत्रों में विवि को व्यवस्थित और सुंदर बनाने के साथ इनरोलमेंट रेसियो बढ़ाने पर जोर देना जरूरी है। क्षेत्र के अनुसार नीड बेस्ड रिसर्च पर भी काम करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो शरद नेमा,वित्त अधिकारी श्रीनिवास रथ,डॉ विनोद कुमार सोनी, डॉ संजय कुमार डोंगरे, देवचरण गावड़े सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी ने भी अपने विचार सुझाव प्रस्तुत किए। अधिकारियों-कर्मचारियों ने कहा कि विवि नए-नए सोच के अधिकारियों के मार्गदर्शन में विकास किया है। कई चुनौतियों का सामना करने का फल हमें मिल रहा है। विवि का भविष्य उज्ज्वल है। सभी ने विवि के इंस्टीट्यशनल वैल्यू को बनाए रखने की बात कही। संचालन डॉ बीएल साहू ने किया।

## कहीं पेड़ के नीचे तो कहीं पंचायत भवन में हुई विशेष ग्राम सभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर 2 अक्टूबर को बस्तर जिले के ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का विशेष आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन उनके ग्राम स्वराज्य के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ग्राम सभाओं में स्वच्छता, जल संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और विकास कार्यों जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अपनी समस्याओं और सुझावों को रखा। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की गई।

## गृह निर्माण मंडल की संपत्तियों को फ्री-होल्ड करने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने गृह निर्माण मंडल (सीजीएचबी) की संपत्तियों को फ्री-होल्ड करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

- बोधघाट कालोनी के हितग्राही रहे परेशान

इस फैसले के तहत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन किया गया है, जिससे मंडल को 31 अक्टूबर 2024 तक आबंटित सभी भूमियों को लैंड डायवर्सन (भू-उपयोग परिवर्तन) से मुक्त कर दिया गया है। अब इन संपत्तियों को आवासीय रूप में फ्री-होल्ड करना आसान होगा और राजस्व अभिलेखों में नामांतरण की प्रक्रिया सरल हो जाएगी। 26 नवंबर 2024 को मंत्रि परिषद की बैठक में लिए




गए इस निर्णय को 22 सितंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया। संशोधन के अनुसार, मास्टर प्लान में गैर-कृषि उपयोग के लिए आरक्षित भूमियों को भू-उपयोग परिवर्तन की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। पहले, फ्री-होल्ड के बाद भी राजस्व रिकॉर्ड में भूमि का उपयोग कृषि या शासकीय के रूप में दर्ज रहता था, जिसके कारण हितग्राहियों को जटिल प्रक्रियाओं और प्रीमियम, भू-राजस्व, अधोसंरचना उपकर, पर्यावरण उपकर जैसे वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ता था। बताया जा रहा है कि छोटे और बड़े जंगल की जमीन में हाऊसिंग बोर्ड ने वर्ष 1971 यानि 54 वर्ष पूर्व में संभागीय मुख्यालय जगदलपुर स्थित बोधघाट में मिश्रित आवासीय योजना से कालोनी बनाकर लगभग 300 मकान बेचा। इस कालोनी के हितग्राहियों के मकान अब तक फ्री-होल्ड नहीं हो सका और सभी मकान लीज में हैं। हितग्राही जब मकान बेचने पर लीज रिनीवल कराया जाता था, अब नए निर्णय से कालोनी के हितग्राहियों के मकान अब तक फ्री-होल्ड हो सकेगा।

### मिलेगी राहत

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि नए आदेश से हितग्राहियों को इन सभी वित्तीय और प्रशासनिक बाधाओं से राहत मिलेगी। मंडल ने ऐसी संपत्तियों पर फ्री-होल्ड प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी, जिनका धारणाधिकार कृषि या शासकीय था। अब 29 सितंबर को जारी आदेश के बाद फ्री-होल्ड प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। यह निर्णय हजारों आबंटियों के लिए राहतकारी है, जो वर्षों से अपनी संपत्तियों को फ्री-होल्ड कराने की कोशिश कर रहे थे। इससे शहर के बोधघाट हाऊसिंग बोर्ड कालोनी का भी फ्री-होल्ड हो सकेगा, कालोनीवासियों को राहत मिलेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411